आज

देश-विदेश

प्रयागराज, शुक्रवार २३ अक्तूबर, २०२६

११

लोककथा, आस्था और भावनाओं का एक अनोखा संगम 'कांतारा चैप्टर 1', अनमोल सिनेमा पर पहली बार



कांतारा चैप्टर 1 की भव्य गाथा आ रही है अनमोल सिनेमा पर पहली बार, शनिवार, 24 अक्टूबर को शाम 7 बजे। ऋषभ शेट्टी और रुक्मिणी वसंत स्टारर यह फिल्म आस्था का उत्सव है, भक्ति की गर्जना है और सिनेमा की एक बड़ी जीत भी, जो भारतीय परंपराओं, भावनाओं और भव्यता का जीवंत चित्रण करते हुए हमारी संस्कृति और आध्यात्मिक जड़ों को सम्मान देती है। इस कहानी के केंद्र में इंसान, प्रकृति और ईश्वर के बीच दर्शाया गया वह बेहद गहरा रिश्ता है, जो पीढ़ियों से भारतीयों की ताकत रहा है। शानदार विजुअल्स और भव्य स्तर पर बनी यह फिल्म दर्शकों को घने जंगलों के शानदार दृश्यों से लेकर मंत्रमुग्ध कर देने वाले अनुष्ठानों तक ले जाती है, जहाँ हर फ्रेम को इतने ध्यान से गढ़ा गया है कि देखने का अनुभव और भी मनमोहक हो जाता है। दमदार अभिनय, बेहतरीन सिनेमैटोग्राफी और दिल छू जाने वाले संगीत के साथ 'कांतारा- चैप्टर 1' एक दिव्य ब्लॉकबस्टर बनकर सामने आती है। फिल्म का असर इसकी शानदार बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस में भी साफ नजर आता है। अलग-अलग भाषाओं और क्षेत्रों में भारी संख्या में दर्शकों ने इसे देखा और यह 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हो गई। इसकी सच्चाई, असरदार कहानी और जबर्दस्त विजुअल्स ने सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विश्व भर में दर्शकों के दिलों को गहराई से छुआ और इसे भारतीय सिनेमा की गौरवशाली उपलब्धि बना दिया। कदंब वंश के दौर में रची-बसी, 'कांतारा' यूनिवर्स की यह दूसरी फिल्म, एक प्रीक्वेल के रूप में सामने आती है और दर्शकों को उस कहानी की शुरुआत तक ले जाती है, जहाँ से यह दंतकथा जन्म लेती है।

एक लड़की, शादी के कई रिश्ते और सही जीवनसाथी की तलाश



जाह्नवी गुरनानी और रौनक कामदार की यह हिंदी सीरीज़ शादी के रिश्तों, परिवार की उम्मीदों और अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने की एक महिला की कोशिश को मजेदार अंदाज़ में दिखाती है। शादी के लिए सही जीवनसाथी चुनना सिर्फ दो लोगों का नहीं, बल्कि कई बार पूरे परिवार का फैसला बन जाता है। रिश्तों की तलाश, पहली मुलाकात, परिवार के सवाल और सबकी अलग-अलग राय के बीच अपनी पसंद को समझना आसान नहीं होता। इसी अनुभव को आज के समय के हिसाब से मजेदार अंदाज़ में पेश कर रहा है शेमारू प्रीमियर का नया शो एक कन्या कुँवारी, जिसका प्रीमियर 22 अक्टूबर, 2026 को सिर्फ शेमारूमी पर हुआ। इस सीरीज़ को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता राहुल भोले और विनीत कनोजिया ने बनाया है। वडोदरा की पृष्ठभूमि पर बनी यह कहानी शिवानी दवे की है, जो एक मध्यमवर्गीय परिवार से आती है और बैंक में काम करती है। शादी के लिए एक के बाद एक लड़कों से मिलने के दौरान वह परिवार की उम्मीदों और अपनी पसंद के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करती है। हर कड़ी में एक नया रिश्ता आता है। कोई कारोबारी अपने जड़ी-बूटियों से बने खास मरहम को चमत्कारी बताता है, तो किसी रिश्ते में विदेश में रहने वाले लड़के के पिता और परिवार के दूसरे सदस्य वीडियो कॉल पर बातचीत में शामिल हो जाते हैं। इन मुलाकातों के बीच सीरीज़ आर्थिक बराबरी, आपसी समझ, भावनात्मक तालमेल, आत्मसम्मान और शादी के दबाव जैसे मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज़ में सामने लाती है। साथ ही, यह सवाल भी उठाती है कि शादी का फैसला आपसी समझ के आधार पर होना चाहिए या परिवार की पसंद को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

एलजी ने लगातार तीसरे वर्ष हासिल किया ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन

नई दिल्ली- एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीई इंडिया) ने लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन हासिल किया है। कार्य-संस्कृति और कर्मचारियों के अनुभव का आकलन करने वाली वैश्विक संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्क ने एलजीई इंडिया को यह सर्टिफिकेशन ट्रस्ट इंडेक्सइसर्वे के माध्यम से प्राप्त कर्मचारियों के फीडबैक और कार्य-संस्कृति के मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किया है। कर्मचारियों के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर किया गया यह मूल्यांकन इस बात की गहरी जानकारी देता है कि विश्वास, जुड़ाव और कार्यस्थल का दैनिक अनुभव किसी भी संगठन की संस्कृति को कैसे आकार देते हैं। इस उपलब्धि पर बात करते हुए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री होंग जू जियोन ने कहा लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन हासिल करना एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया की प्रगतिशील एचआर नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होने के साथ-साथ इसका एक प्रमुख प्रमाण भी है। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट अनुराग गुप्ता ने कहा लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन प्राप्त करना पीपल-फर्स्ट कार्यस्थल को बढ़ावा देने के प्रति एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया की दृढ़ प्रतिबद्धता का एक मजबूत प्रमाण है।

ब्लाकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' का पहली बार फ्रीडिश, दर्शकों के लिए स्टार उत्सव मूवीज़

प्रयागराज- भव्यता, रोमांच और शानदार एक्शन से भरपूर! इस अक्टूबर, फिल्म धुरंधर भारत के हर कोने तक पहुँचने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। पहली बार यह फिल्म फ्रीडिश दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। रणवीर सिंह की रोमांच से भरपूर स्पाई सागा धुरंधर का प्रीमियर 25 अक्टूबर, 2026 को शाम 7 बजे एक साथ स्टार उत्सव मूवीज़, कलर्स सिनेप्लेक्स बॉलीवुड और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर होगा। देश के लिए पर्दे के पीछे रहकर काम करने वाले उन गुमनाम नायकों को समर्पित एक्शन से भरपूर फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह एक दमदार और यादगार अंदाज़ में नजर आएँगे। फिल्म में उनके साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी और सारा अर्जुन जैसे शानदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म को शानदार एक्शन, तालियाँ बजाने पर मजबूर कर देने वाले संवादों और कलाकारों के बेहतरीन अभिनय के लिए हर तरफ से सराहना मिली है। शाश्वत सचदेव के संगीत को भी दर्शकों का खूब प्यार मिला है और इसके गाने काफी लोकप्रिय हुए हैं। फ्रीडिश पर फिल्म के भव्य प्रीमियर को लेकर जियो हॉटस्टार के प्रवक्ता ने कहा, धुरंधर सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि अब यह पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुकी है।

मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज़ सेल के दूसरे चरण बिग बिलियन मोटो डील्स वेब 2 का ऐलान किया

नई दिल्ली। मोबाइल टेक्नोलॉजी में दुनिया की अग्रणी और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ सेल 2026 के दौरान बिग बिलियन मोटो डील्स के तहत अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन पोर्टफोलियो पर विशेष त्योहारी ऑफर्स की घोषणा की है। मोटोरोला के नए एआई इनोवेशन, प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम, प्रीमियम पैंटोन वैलिडेटेड डिजाइन, शानदार डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी इनोवेशन को एक साथ लाते हुए, इस कैंपेन का उद्देश्य हर वर्ग के ग्राहकों तक आधुनिक स्मार्टफोन अनुभव आसानी से पहुँचाना है। यह सेल अब फ्लिपकार्ट पर लाइव है और बिग बिलियन डेज़ सेल अवधि के दौरान जारी रहेगी।

आभूषणों में उतरी ब्रह्मांड की असीम सुंदरता

प्रयागराज- टाटा परिवार का एक सदस्य और भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड तनिष्क ने धनतेरस के शुभ अवसर के लिए अपना नया कलेक्शन अध्यंतरा पेश किया है। नए कलेक्शन के लिए बनाए गए विशेष कैम्पेन में मशहूर अभिनेत्री तृप्ति डिमरी नज़र आ रही हैं। अध्यंतरा असीम ब्रह्मांड की खूबसूरती और उसके रहस्यों से प्रेरित है। तनिष्क का मानना है कि इस दुनिया में हर महिला अपने आप में इतनी असाधारण और खूबसूरत है कि खुद यह ब्रह्मांड भी उसकी आंतरिक शक्ति और सुंदरता से प्रेरित होता है। इसलिए इस कलेक्शन में उस ब्रह्मांड की सारी खूबसूरती को समेटकर महिला के और करीब, आभूषणों के रूप में ला दिया है। दूर चमकते सितारों की अनूठी रोशनी से लेकर खगोलीय आकृतियों की कलात्मकता तक-अध्यंतरा का हर आभूषण अपने आप में कुछ असाधारण समेटे हुए है। यह हर महिला को एक ऐसी जादुई दुनिया तलाशने का न्योता देता है, जहां उसकी कल्पनाओं की कोई सीमा न हो। कलेक्शन के लॉन्च के बारे में बात करते हुए, तनिष्क की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर सुश्री पेल्की त्शेरिंग ने कहा धनतेरस एक ऐसा पावन अवसर है जब हम समृद्धि, सकारात्मकता और नई शुरुआत का जश्न मनाते हैं।

शापर्स स्टाप गिफ्ट्स आफ लव के साथ लाया तोहफों का त्योहारी उत्साह

नई दिल्ली- दिवाली रोशनी और अपनों के साथ का त्योहार है, जिसमें हम उन लोगों के साथ खुशियां मनाते हैं जो हर पल को खास बना देते हैं। यह वह समय भी है, जब सोच-समझकर चुना गया एक तोहफा प्यार, आभार और सराहना जताने का जरिया बन जाता है। इस दिवाली भारत का अग्रणी प्रीमियम फैशन, ब्यूटी और गिफ्टिंग डेस्टिनेशन शॉपर्स स्टॉप गिफ्ट्स ऑफ लव के साथ तोहफे देने की भावना को नया रंग दे रहा है। यह त्योहारी गिफ्टिंग का एक क्यूरेटेड कलेक्शन है, जो उन तमाम रिश्तों का जश्न मनाता है, जिनसे यह मौसम सार्थक बनता है। शॉपर्स स्टॉप के कस्टमर केयर एसोसिएट और सीएमओ जितेन महेंद्र ने कहा, दिवाली रिश्तों का त्योहार है, और तोहफे देना प्यार और सराहना जताने के सबसे सार्थक तरीकों में से एक है। शॉपर्स स्टॉप में हमारा लक्ष्य एंगेजमेंट, एक्सपीरियंस और एक्सक्लूसिविटी, इन तीन स्तंभों के जरिए त्योहारी खरीदारी को महज लेनदेन से आगे ले जाना है। 'गिफ्ट्स ऑफ लव' के जरिए हम बारीकी से क्यूरेट किए गए प्रीमियम ब्रांड्स, पर्सनलाइज्ड गिफ्टिंग और यादगार अनुभवों को एक साथ ला रहे हैं।

ब्रह्मोस से बढ़ेगी भारत की सैन्य ताकत

नयी दिल्ली (आससे.)।- ब्रह्मोस अब सिर्फ एक मिसाइल नहीं है। यह आत्मविश्वास से भरे और आत्मनिर्भर नए भारत की ताकत, सटीक निशाना लगाने की क्षमता और गर्व का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहली बार असली जंग में इस हथियार प्रणाली का इस्तेमाल किया। इसने कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें पाकिस्तान के नूर खान जैसे प्रमुख एयरबेस भी शामिल थे। इसके जरिये भारतीय सशस्त्र बलों ने इस हथियार प्रणाली की ताकत दिखाई। ब्रह्मोस प्रणाली भारत के रक्षा निर्यात की भी एक प्रमुख आधारशिला है। भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 38,400 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें सालाना 62.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. जयतीर्थ जोशी ने ब्रह्मोस की सफलता पर बात की। उन्होंने कहा कि निर्यात के क्षेत्र में ब्रह्मोस की सफलता की कहानी 2025 में युद्ध में इस्तेमाल होने से पहले ही शुरू हो गई थी। वर्ष 2022 में कंपनी को पहला ऐतिहासिक निर्यात ऑर्डर मिला था। कई मिलियन डॉलर के इस सौदे ने वैश्विक स्तर पर भारत की रक्षा निर्यात से जुड़ी महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाया। आज ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात रणनीति में सबसे आगे है। यह एक प्रमुख उत्पाद है। सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने धीरे-धीरे अपने निर्यात का दायरा बढ़ाया है। मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी बेहतरीन क्षमताएं साबित करने और युद्ध में परखी हुई प्रणाली बनने के बाद इसका निर्यात दायरा खास तौर पर बढ़ा है। डॉ. जयतीर्थ जोशी ने कहा कि फिलीपींस के साथ पहले निर्यात सौदे के बाद इस साल दक्षिण-पूर्व एशिया के दो और देशों के साथ समझौते किए गए हैं। आज ब्रह्मोस अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत स्थिति में है। कंपनी भविष्य में अपने निर्यात की पहुंच को और बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती मांग को पूरा करने और जरूरत पड़ने पर उत्पादन क्षमता तेजी से बढ़ाने के लिए ब्रह्मोस अपनी आपूर्ति श्रृंखला को और मजबूत कर रही है। जोशी ने कहा, निकट भविष्य और लंबी अवधि की हमारी प्राथमिकता अब तक सशस्त्र बलों से मिले सभी ऑर्डर पूरे करना है। हैदराबाद, नागपुर, पिलानी और सबसे नई लखनऊ इकाई में हमारी सभी उत्पादन इकाइयां इस दिशा में पूरी गति से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, हम अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस के विकास और परीक्षण के लिए जरूरी विशेष तकनीकों पर काम करने के वास्ते टेक-ब्रिक्स स्थापित करके अपने अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कार्य में भी तेजी लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, बढ़ती मांग को पूरा करने और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में उत्पादन क्षमता तेजी से बढ़ाने के लिए आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जा रहा है। पहले प्रत्येक प्रणाली या उसके उप-तंत्र के लिए हमारे पास एक या दो औद्योगिक भागीदार होते थे।

अब हम ऐसे 45 स्रोत विकसित करना चाहते हैं। इससे गुणवत्ता और कीमत के मामले में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

ब्रह्मोस भारत के रक्षा निर्यात अभियान का एक प्रमुख उत्पाद है। फिलीपींस, इंडोनेशिया और वियतनाम को ऑर्डर और आपूर्ति के साथ इसका निर्यात 600 मिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है।

सीईसी के खिलाफ प्रस्ताव आया तो नियमों के तहत होगी कारवाई- ओम बिरला

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष की ओर से हटाने का प्रस्ताव लाए जाने पर निर्धारित प्रक्रिया और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयुक्तों को हटाने की प्रक्रिया भी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों जैसी निर्धारित है और संसद में प्रस्ताव आने पर ही उस पर कार्रवाई की जाएगी। संसद के सत्रावसान पर बिरला ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 85 के तहत इसकी प्रक्रिया निर्धारित है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका नहीं है। वहीं, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से जुड़े मामले पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में रिपोर्ट मिल गई है और उस पर चर्चा के बाद जल्द फैसला लिया जाएगा।

पीएम-दक्ष योजना : 1.87 लाख को प्रशिक्षण, 96 हजार को मिला रोजगार

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही (पीएम-दक्ष) योजना के तहत वर्ष 2020-21 से 2023-24 के दौरान 1,87,305 उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से 96,162 को वेतन आधारित या स्वरोजगार के अवसर मिले। योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, विमुक्त जनजातियों और स्वच्छता कर्मचारियों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस अवधि में योजना के लिए 276.47 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जबकि वास्तविक व्यय 309.5 करोड़ रुपये रहा। योजना के मूल्यांकन में 90 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों ने प्रशिक्षण को अपने करियर लक्ष्यों और स्थानीय श्रम बाजार की जरूरतों के अनुरूप बताया। अध्ययन में आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और सामाजिक पहचान में सुधार जैसे लाभ भी सामने आए। योजना का संचालन राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से किया जाता था। प्रशिक्षण संस्थानों के लिए कम से कम 70 प्रतिशत प्रशिक्षित उम्मीदवारों को रोजगार या स्वरोजगार उपलब्ध कराना अनिवार्य था। वित्त वर्ष 2024-25 से पीएम-दक्ष योजना को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) में समाहित कर दिया गया। यह निर्णय प्रशिक्षण कार्यक्रमों और डिजिटल प्लेटफॉर्म में दोहराव से बचने के उद्देश्य से लिया गया।

सऊदी अरब में हमलों की भारत ने की निंदा, दम्माम में भारतीय नागरिक की मौत

नयी दिल्ली (आससे)।भारत ने सऊदी अरब में नागरिक और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें तत्काल रोकने की मांग की है। विदेश मंत्रालय ने 21 अक्टूबर को दम्माम के किंग फहद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और अरामको के शायबाह तेल क्षेत्र पर हुए हमलों को अस्वीकार्य बताया। भारत ने सऊदी अरब की संप्रभुता के समर्थन में एकजुटता जताते हुए क्षेत्र में जल्द शांति बहाली की उम्मीद की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, हमलों में आम नागरिकों की मौत हुई है और कई लोग घायल हुए हैं। रियाद स्थित भारतीय दूतावास सऊदी अधिकारियों के संपर्क में है और प्रभावित भारतीय नागरिकों तथा उनके परिवारों को सहायता उपलब्ध करा रहा है। दूतावास ने बताया कि दम्माम हवाई अड्डे पर हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हुई और दो अन्य घायल हुए।

उमरा करने सऊदी गये 4000 भारतीय फंसे

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से लगभग 4,000 भारतीय उमरा यात्री मक्का और मदीना में फंसे हुए हैं. इस क्षेत्र में जारी एयरस्ट्राइक के बाद एयरलाइंस का परिचालन बाधित हो गया, जिस वजह से ये स्थिति पैदा हुई है. इसे लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से अपील की है कि वह एयरलाइंस को बड़े विमान चलाने की अनुमति दे, ताकि फंसे हुए तीर्थयात्री जल्द से जल्द स्वदेश लौट सकें. उन्होंने स्पेशल फ्लाइट के इंतजाम करने की भी मांग की. हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया की उड़ानें रद्द होने की वजह से भारत के लगभग 4,000 तीर्थयात्री मक्का और मदीना में फंसे हुए हैं. डीजीसीए इन एयरलाइंस को बड़े विमान चलाने की अनुमति दे ताकि तीर्थयात्री देश लौट सकें. अगर बड़े विमानों की इजाजत नहीं दी जा सकती, तो कम से कम सरकार इन यात्रियों को सुरक्षित वापस लाने के लिए स्पेशल फ्लाइट्स का इंतजाम करे. ओवैसी ने कहा, %पिछले दो-तीन हफ्तों से ये तीर्थयात्री मदीना, जेद्दा और मक्का में फंसे हैं. ट्रैवल एजेंट इन यात्रियों को अपने हाल पर छोड़कर चले गए हैं, जिससे वे बहुत मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं. फिलहाल छ्रत्नष्ट इन तीनों एयरलाइंस को जेद्दा की उड़ान भरने की मंजूरी नहीं दे रहा है. छ्रत्नष्ट तुरंत इन एयरलाइंस को 321 जैसे बड़े विमानों से उड़ान भरने की इजाजत दे, ताकि फंसे हुए भारतीयों को वापस लाया जा सके. ये यात्री गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं, इसलिए वे सऊदी एयरलाइंस का महंगा टिकट खरीदने में सक्षम नहीं हैं. उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से गुहार लगाई है कि अगर डीजीसी उड़ानों की अनुमति नहीं देता है। तो सरकार को विशेष विमान भेजकर इन सभी तीर्थयात्रियों को जल्द से जल्द सुरक्षित भारत वापस लाना चाहिए. यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से सऊदी अरब से एयरपोर्ट को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, जिस वजह से कई फ्लाइट्स रद्द हो गई है और भारतीय उमरा तीर्थयात्रीव वहां फंस गए. 11 अक्टूबर को रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए हमले में 13 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें हैदराबाद का एक तीर्थयात्री भी शामिल था।

26-27 को होगा 12वां ब्रिक्स संसदीय मंच, प्रधानमंत्री मोदी भी होंगे शामिल

नयी दिल्ली (आससे)। भारत की संसद 26 और 27 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन करेगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन का मुख्य विषय 'जन-केंद्रित विकास के लिए संसदों को सशक्त बनाना' है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे और सदस्य देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। बिरला ने कहा कि सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य और भागीदार देशों के पीठासीन अधिकारी, सांसद, केंद्रीय मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति हिस्सा लेंगे। इसमें संस्थागत मजबूती, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल तकनीक, वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार और सतत विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। सम्मेलन के दौरान चार प्रमुख विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें संस्थाओं को मजबूत बनाने में संसदों की भूमिका, मानव-केंद्रित नवाचार को बढ़ावा देने में एआई और डिजिटल तकनीक का उपयोग, अधिक प्रतिनिधित्व वाली वैश्विक शासन व्यवस्था के लिए संसदीय सहयोग तथा सतत और समावेशी विकास में संसदों की भूमिका शामिल है। इसके अलावा, ब्रिक्स सदस्य और भागीदार देशों की संसदों की अंतरराष्ट्रीय मामलों से संबंधित समितियों के प्रमुख संसदीय कूटनीति, क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन में पूर्ण सत्रों, समानांतर बैठकों और द्विपक्षीय चर्चाओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 25 अक्टूबर को संयुक्त वक्तव्य को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिनिधिमंडलों के सचिवों की बैठक होगी। सम्मेलन का समापन 27 अक्टूबर को होगा।

बिहार समाचार

डेहरी-डालमियानगर नगर परिषद को मिला नये ईओ

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। कई माह से प्रभार में चल रहा डेहरी - डालमियानगर परिषद के ईओ पद पर नए अधिकारी का पदस्थापन से क्षेत्र में रुके हुए विकास का की गति मिलेगी। नासरीगंज नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विकाश कुमार को डेहरी-डालमियानगर नगर परिषद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।बता दें कि पूर्व ईओ विमल कुमार की हत्या के बाद जिला प्रशासन ने अपर समाहर्ता अमर ज्योति को डेहरी नगर परिषद ईओ का प्रभार सौंपा था। अब गुरुवार को नासरीगंज ईओ विकाश कुमार डेहरी नप ईओ का पदभार ग्रहण किया। ईओ का प्रभार बदलने के बाद नगर परिषद में लंबे समय से ठप पड़े विकास कार्यों को रफ्तार मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों को आशा है कि नए ईओ के आने से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। प्रशासनिक फेरबदल से शहर के विकास को नई गति मिलने की संभावना जताई जा रही है।

जनार्दन तिवारी हत्याकांड में दो गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले में जनार्दन तिवारी हत्याकांड के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। करगहर थानाक्षेत्र के डुमरा गांव में बीते सोमवार को जनार्दन तिवारी की हत्या कर दी गई थी । रोहतास के पुलिस कप्तान मिस्टर राज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस हत्याकांड में डुमरा गांव के शंभू नाथ शर्मा और गुड्डू शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले मैं मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबने से दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो युवकों की मौत हो गई। दिनारा थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध यक्षिणी भवानी भलूनी धाम के तालाब में बुधवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। जहां मूर्ति विसर्जन में एक युवक प्रतिमा के नीचे दब गया और पानी में डूब गया। गुरुवार की सुबह गोताखोरों की मदद से अभियान चलाया गया जहां उसका शव बरामद कर लिया गया।डूबे युवक की पहचान 20 वर्षीय सूरज कुमार के रूप में हुई है।वह दिनारा थाना क्षेत्र के चितांव गांव निवासी मनीकरण सिंह का पुत्र था। सूरज सासाराम में रहकर पढ़ाई करता था। दुर्गा पूजा के अवसर पर वह भलूनी धाम के समीप स्थित बरडीहा गांव में अपनी मौसी के घर आया हुआ था। दूसरी घटना सासाराम नगर निगम क्षेत्र के फजलगंज के दुर्गा कुंड में हुई जहां मूर्ति विसर्जन के दौरान कारपुरवा मोहल्ला निवासी लाल बाबू शाह के पुत्र विकास कुमार की कुंड में डूबने से मौत हो गई।

हत्याकांड के तीन आरोपितों को पैदल मार्च कराते कोर्ट लाया गया

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। भोजपुर के आरा में रिटायर्ड असिस्टेंट कस्टम कमिश्नर राम पुकार सिंह हत्याकांड में गिरफ्तार तीन आरोपियों की पुलिस ने गुरुवार को परेड कराई ।नवादा थाने से डेढ़ किलोमीटर दूर आरा कोर्ट तक पैदल ही लेकर गई। इस दौरान आरोपियों के चेहरे खुले थे ।इस सुरक्षा में 35 पुलिसकर्मियों के तैनात किया गया था। गिरफ्तार मनोज टीपू और अभिषेक शामिल हैं। भोजपुर पुलिस के इतिहास में पहली बार ऐसा देखने को मिला ।जब किसी हाई प्रोफाइल हत्याकांड के आरोपियों को पैदल मार्च कराते हुए कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया गया। विदित हो की 15 अक्टूबर को कनकपुरी मोहल्ले में कस्टम विभाग के रिटायर कमिश्नर राम पुकार सिंह की गोलियों से छलनी कर मार डाला गया था। भोजपुर के पुलिस कप्तान और अवधेश दीक्षित ने बताया कि सेवानिवृत्ति कस्टम अधिकारी हत्याकांड में चार आरोपियों को अब तक गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया की हत्या के पीछे 14 कट्ठा जमीन का विवाद प्रमुख कारण रहा। हत्या की साजिश करीब 15 से 20 दिन पहले ही रच ली गई थी। मुख्य आरोपी चंदन सिंह और अभिषेक सिंह को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। जबकि टीपू को आरा शहर से पकड़ा गया। मनोज कुमार उर्फ लकी को घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

पृष्ठ एक का शेष

बारामुल्ला...

पास दरपुरा नर्सरी इलाके से पकड़ा। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान, इनके पास से तुर्की में बनी एक कैनिक पिस्तौल, 10 राउंड गोलियों वाली एक मैगजीन और दो आईईडी बरामद किए गए। ये दोनों व्यक्ति सोपोर के चिंकीपुरा इलाके के रहने वाले हैं। अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच से पता चलता है कि वे ओवरग्राउंड वर्कर के रूप में काम कर रहे थे और संभवत: आतंकवादियों के लिए हथियार और विस्फोटक लाने-ले जाने में शामिल थे। फिलहाल उनकी पहचान जाहिर नहीं की गई है।

भारत-पोलैंड...

के रूप में यह उनकी दूसरी भारत यात्रा है। इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने टस्क से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। टस्क ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी। टस्क अपनी यात्रा के दौरान बेंगलुरु भी जाएंगे, जहां वे सूचना प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष क्षेत्र सहित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार एवं निवेश, रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, संस्कृति और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना है। पोलैंड मध्य और पूर्वी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक एवं निवेश साझेदार है।

यूपी : जनगणना...

को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि जनगणना के दूसरे चरण में 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना होगी। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी तक प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति से करीब 40 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें परिवार, मकान और रहने की स्थिति के साथ आधार नंबर, बैंक खाते की संख्या, मोबाइल नंबर, वोटर आईडी, भारतीय पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। किसी भी दस्तावेज की प्रति जमा नहीं करनी होगी। नागरिकों का डाटा गोपनीय रखा जाएगा। जनगणना में कोई छूट न जाए, इसके लिए चार जनवरी को विशेष अभियान चलेगा। शाम पांच से रात दस बजे तक फुटपाथ, फ्लाईओवर के नीचे, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर सोने वालों की गणना की जाएगी। झुग्गी-बस्ती में झोपड़ी बनाकर रहने वाले परिवार भी इसमें शामिल होंगे। प्रदेश में अभियान के लिए 5.62 लाख से अधिक कार्मिक लगाए जाएंगे।

सीजेपी...

कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने का आरोप है। वे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। सौरव दास और आशुतोष रंका को एक सप्ताह की न्यायिक हिरासत के बाद बुधवार को तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। अदालत ने दोनों को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के जमानती बांड जमा करने तथा शांति बनाए रखने का लिखित आश्वासन देने पर रिहा करने का निर्देश दिया था। अजिंक्य शिंदे को पहले ही जमानत बांड पर रिहा किया जा चुका है।

मतदाता सूची...

मयंक गोस्वामी और अमरिया के एसडीएम हेमंत चौधरी को गंभीर लापरवाही का दोषी माना गया। ये दोनों विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के पद पर तैनात थे। आयोग ने बुधवार को दोनों उप जिलाधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया था। उन्हें जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वीआरसी के कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार की सेवाएं भी समाप्त कर दी गई हैं।आयोग की सख्ती के बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई है। दोनों एसडीएम के खिलाफ अब विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा। बता दें कि सपा ने सोमवार को इस मामले में ज्ञापन दिया था। बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने भी इस मुद्दे को उठाया। इस मामले में दोनों दलों के नेताओं ने मोर्चा खोल रखा है। एसआईआर के बाद मतदाता सूची में गड़बड़ियों का मामला तूल पकड़ने लगा है। सदर विधानसभा सीट पर वोटों में हेरफेर के आरोप लगाते हुए सपा और कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार ने 13 हजार से अधिक वोटों में गड़बड़ी और कुल 16 हजार से अधिक वोटों में हेरफेर का आरोप लगाया है। उन्होंने इसके पीछे सत्ता पक्ष के एक मौजूदा विधायक के इशारे पर अधिकारियों के सिंडिकेट के काम करने का दावा किया। मामले में तत्कालीन डीएम की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा। वहीं, समाजवादी पार्टी ने भी प्रेसवार्ता कर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया। सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूल बाबू ने सदर विधानसभा सीट की मतदाता सूची में कथित हेरफेर के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। सपा नेताओं का आरोप है कि सत्ता पक्ष के दबाव में अधिकारियों ने काम किया।

रेलवे ट्रैक...

जिले के गोसाईगंज क्षेत्र के कटरा निवासी झिनका के मुताबिक उनकी मां निर्मला, भाभी सोना के साथ अंबेडकरनगर जिले के अहिरौली क्षेत्र के अटवाई मुरीदपुर में घोंघा बीनने गई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों महिलाएं अहिरौली के अटवाई क्रॉसिंग से करीब 500 मीटर की दूरी पर रेलवे ट्रैक को पार कर दूसरी ओर जा रही थीं, तभी अकबरपुर-कटेहरी स्टेशन होते हुए लखनऊ की ओर जा रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आ गईं। इससे दोनों के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही मौत हो गई।

बिहार में चाय- नाश्ते की दुकान चलाने वाले दम्पती की गोली मारकर हत्या

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के नवगछिया पुलिस जिला क्षेत्र के दियारा स्थित इस्माईलपुर हटिया में हथियारबंद अपराधियों ने गुरुवार की अहले सुबह दुस्साहस दिखाते हुए चाय नाश्ते की दुकान चलाने वाले दंपति की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। मृतक की पहचान नंदलाल मंडल के पुत्र रंजन मंडल और पत्नी किरण देवी के रूप में हुई है। सरेआम हुए इस दोहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों का हुजूम घटनास्थल पर उमड़ पड़ा और लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की ।मिली जानकारी के अनुसार रंजन और उसकी पत्नी किरण देवी अपनी चाय दुकान में सोए हुए थे। इसी दौरान धावा बोलने वाले बेखौफ अपराधियों ने पहले बिस्तर पर सो रहे हैं रंजन को गोलियों से भून डाला। पति की लहूलुहान देखकर किरण देवी जान बचाने के लिए चीखते पुकारते हुए घर की ओर भागने लगी। लेकिन अपराधियों ने उन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया और उनकी आंखों में नजदीक से दो गोलियां दाग दी। अधिक रक्त रिसाव और गंभीर चोट के चलते किरण देवी भी मौके पर दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। भागलपुर एसपी वैभव शर्मा ने बताया कि पुलिस हिरासत में लिए गए एक संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है और शीघ्र घटना की वजह सामने आ जाएगी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता लागू, निर्यातकों को शुल्क-मुक्त पहुंच

नयी दिल्ली (आससे)। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने निर्यातकों, खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) से भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते का लाभ उठाने के लिए न्यूजीलैंड के खरीदारों से संपर्क बढ़ाने और निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। दोनों देशों के बीच यह समझौता 20 अक्टूबर को लागू हुआ। सीआईआई की राष्ट्रीय निर्यात समिति के अध्यक्ष और पैटन इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय बुधिया ने कहा कि समझौते से भारतीय निर्यातकों को न्यूजीलैंड में सभी शुल्क श्रेणियों में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इंजीनियरिंग सामान, कपड़ा, चमड़ा और जूते-चप्पल जैसे उत्पादों पर पहले लगने वाला 10 प्रतिशत तक का शुल्क अब समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग सामान, रसायन, प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवा और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों सहित कई क्षेत्रों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। साथ ही, प्रमाणन और नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने से अनुपालन लागत घटेगी। बुधिया के मुताबिक, न्यूजीलैंड भारतीय निर्यातकों के लिए ओशिनिया और प्रशांत द्वीपों के बाजारों तक पहुंचने का माध्यम भी बन सकता है।